CENTRE FOR POLICY STUDIES

6 Balaiah Avenue, Luz, Chennai-600 004

83, DDA Site 1, Shankar Road, New Rajinder Nagar, Delhi-110060
Tel: 011-28744344, 45086201; e-mail: policy.cpsindia@gmail.com

and

CITIZEN'S COUNCIL, DELHI

27 Northend Complex, R. K. Ashram Road, Delhi -110 001

हमारे अत्यंत आग्रह पर माननीय श्री देवेन्द्र स्वरूप जी ने **भारत की राजकीय एवं संवैधानिक व्यवस्थाः ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य** विषय पर एक विस्तृत भाषण शृंखला देना स्वीकार किया है। इस विषय पर पहला भाषण ३० जून, २०१२, शनिवार, सायं ५.०० बजे, १३ बाराखंभा मार्ग, (आर्य अनाथालय भवन, बाराखंभा मार्ग पर टॉल्सटॉय मार्ग वाला कोना) दिल्ली में होगा। इसके बाद प्रति सप्ताह शनिवार को इसी समय इसी स्थान पर इस शृंखला के भाषणों का आयोजन किया जायेगा।

सम्प्रति भारत की संवैधानिक एवं राजकीय व्यवस्थाओं पर गहन पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव देश की स्थिति के प्रति चिंता रखने वाले अनेक लोग कर रहे हैं। पर ऐसा पुनर्विचार इन व्यवस्थाओं की स्थापना की सुदीर्घ प्रक्रिया, इस प्रक्रिया को बनाने एवं चलाने वाले लोगों के भारत के प्रति विचारों एवं भावनाओं और भारत के भविष्य के प्रति उनकी अपेक्षाओं को समझ कर ही हो सकता है। श्री देवेन्द्र स्वरूप इस विषय पर वर्षों से गहन चिंतन-मनन करते आये हैं। वे भारत के आधुनिक इतिहास के विद्वान् अध्येता एवं अध्यापक रहे हैं। इस विषय को समझने में उनके ये भाषण अमूल्य होंगे।

हमें आशा है कि इस भाषण-शृंखला के माध्यम से भारत के संवैधानिक एवं राजकीय तंत्र की समसामयिकता के विषय में विभिन्न स्तरों पर एक नयी परिचर्चा प्रारम्भ हो पायेगी।

इस शृंखला का आयोजन दिल्ली नागरिक परिषद के सहयोग एवं सौजन्य से किया जा रहा है। अनेक लोगों एवं संस्थाओं के सहयोग से इसे संपन्न करना संभव हुआ है। इस संदर्भ में बनायी गयी आयोजन समिति के सदस्यों की सूची संलग्न है।

आप इस भाषण शृंखला में सादर आमन्त्रित हैं।

वीरेश प्रताप चौधरी

डॉ. जितेन्द्र बजाज
निदेशक, समाजनीति समीक्षण केन्द्र

वीरेश प्रताप चौधरी
अध्यक्ष, दिल्ली नागरिक परिषद्